हिन्दी शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा हिन्दी भाषा-प्रेमियों से निवेदन


https://hi.wikipedia.org

क्या आप जानते हैं?

वर्तमान | पूर्व प्रदर्शित

- ... कि पूर्वोत्तर भारत में ज्ञात पक्षी की नई प्रजाति का नाम पक्षी-विज्ञानी सालिम अली के सम्मान में **ज़ूथेरा सालिमअली** *(चित्रित)* रखा गया है?
- ... कि **जैक हॉब्स** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे अधिक शतक और रन बनाने वाले बल्लेबाज है?
- ... कि **इंडिया मार्क टू** विश्व का सर्वाधिक व्यापक रूप से संचालित हैंडपम्प है?

हिन्दी विकिपीडिया एक विश्वकोश या एनसाइक्लोपीडिया है जिस पर आप और हम सब योगदान दे सकते हैं। इसके लेख द्वीतीय स्रोतों जैसे वेबसाइट, पुस्तक, समाचारपत्र, मासिक पत्रिकाओं आदि को स्रोत बनाकर लेख लिखे जा सकते हैं। एक विषय पर एक ही लेख बन सकता है। यह और कुछ अन्य नियम हिन्दी और अन्य सभी भाषा-विकिपीडियाओं पर समान रूप से लागू हैं। यह नियम अत्यंत ही सरल हैं, जिन्हें कुछ ही समय में हर व्यक्ति सीख सकता है। नए सदस्य यदि अनजाने में नियमों का उल्लंघन करते हैं तो यहाँ के प्रबंधक, पुनरीक्षक और कुछ वरिष्ठ सदस्य सहानुभूतिपूर्वक समझाने और सहायता करने हमेशा ही तय्यार रहते हैं।

हिन्दी भाषा का यह सौभाग्य है कि कई लेखक, शिक्षक, सरकारी कर्मचारी, डॉक्टर, इंजिनीयर, विद्यार्थी, तथा गृहिणियाँ और अन्य लोग इससे पहले ही जुड़ गए हैं। 2015 में दिल्ली में एक हिन्दी विकि-सम्मेलन भी आयोजित हो चुका है जिसमें भारत-भर से योगदान करने वाले शामिल हुए थे। ज्ञान और जानकारी के इस सागर के बनने, बढ़ने और फैलने में आइये, आप भी सम्मिलित हो जाइये। जानकारी स्वयं भी प्राप्त कीजिए और जो भी योगदान आप देना चाहें, वह दूसरों तक भी वह जानकारी पहुँचाइये।

हिन्दी विकिपीडिया के सम्पादन में आपको अधिक सहायता इन वीडियोज़ से मिल सकती है:

http://bitly.com/hiwiki

सय्यद मुज़म्मिलुद्दीन (हिन्दी विकिपीडिया पुनरीक्षक)
http://tinyurl.com/hindiwikipediavolunteer